## C.B.S.E

## विषय : हिन्दी 'अ'

### कक्षा : 9

**निर्धारित समय : 3 घंटे** **अधिकतम अंक : 80**

सामान्य निर्देश:

1. इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं- क, ख, ग, और घ।
2. चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रम से लिखिए।
4. एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15-20 शब्दों में लिखिए।
5. दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30-40 शब्दों में लिखिए।
6. तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60-70 शब्दों में लिखिए।

### खंड – क

### [अपठित अंश]

प्र. 1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

(2×4=8) (1×2=2) [10]

दहेज-प्रथा का उद्भव कब और कहाँ हुआ यह कह पाना असंभव है। विश्व के विभिन्न सभ्यताओं में दहेज लेने और देने के पुख्ता प्रमाण मिलते हैं। इससे यह तो स्पष्ट होता है कि दहेज का इतिहास अत्यन्त प्राचीन है। आज दहेज एक बुरे का रूप धारण करती जा रही है। इस दहेज प्रथा की बीमारी की जड़ एक तो काला धन है, दूसरे मनुष्य की लोभ की दुष्प्रवृत्ति इस कार्य को और प्रेरित करती है।

आज हमारी सरकारों द्वारा लड़कियों के उत्थान व विकास के लिए अनेक योजनाएँ चलाई जा रही हैं, जिनमें शिक्षा, रोजगार सहित विवाहोपरांत मदद भी शामिल है। यह सब इसलिए ताकि बेटियों के परिवारों को बेटियाँ बोझ न

लगें और लड़कियाँ आत्मनिर्भर हो सकें। दहेज लेना और देना तो कानूनन अपराध है ही। सरकार ने भी दहेज प्रथा के विरूद्ध कानून बना दिया है। आज इस प्रथा के विरोध में कई जन-जागृति अभियान चलाए जा रहे हैं। लड़कियाँ आज शिक्षित और आत्म-निर्भर होने के कारण स्वयं दहेज लेने वाले परिवार को ठुकराया रही है। आज अंतर्जातीय विवाह होने लगे हैं जिसमें लड़का और लड़की समान विचार धारा के होने के कारण दहेज के लिए कोई स्थान ही नहीं बचता है। इसलिए आने वाले समय इस प्रथा का धीरे-धीरे समूल नाश हो ही जाएगा।

1. दहेज का इतिहास अत्यंत प्राचीन है यह हम कैसे कह सकते हैं?
2. वर्तमान में दहेज प्रथा के लिए स्थान क्यों नहीं बचता?
3. सरकार इस समस्या को निपटने के लिए क्या प्रयास कर रही है?
4. दहेज लेने के क्या कारण हो सकते हैं?
5. उपर्युक्त गद्यांश से हमें क्या शिक्षा मिलती है?
6. उपर्युक्त गद्यांश को उचित शीर्षक दीजिए।

## खंड - ख

## [व्यावहारिक व्याकरण]

प्र. 2. क) निम्नलिखित शब्दों में उचित प्रत्यय पहचानिए। [1]

घरेलू, रिक्शावाला

ख) निम्नलिखित शब्दों के उचित उपसर्ग पहचानिए। [1]

अतिरिक्त, उपग्रह,

ग) निम्नलिखित शब्दों के मूल शब्द और उपसर्ग को अलग कीजिए : [1]

निरालस, कपूत

घ) निम्नलिखित शब्दों के मूल शब्द और प्रत्यय को अलग कीजिए : [1]

लिपिक, मुखड़ा,

प्र. 3. निम्नलिखित विग्रह का समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखें। [4]

1. न आचार 2. प्रत्येक गली 3. नीला है जो कमल 4. सात दिनों का समाहार

प्र. 4. निम्नलिखित वाक्यों के अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए। [4]

1. धूप में बड़ी गर्मी है।
2. आप क्या काम करते हैं?
3. उधर खड़े हो जाइए।
4. कदाचित आज वह नहीं आएगा।

प्र. 5. निम्नलिखित पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार बताइए। [4]

1. कानन कठिन भयंकर भारी, घोर घाम वारि बयारी।
2. जेते तुम तारे, तेरे नभ में न तारे हैं।
3. पीपर पात सरसि मन डोला।
4. पायो जी मैंने राम-रतन धन पायो।

## खंड - ग

## [पाठ्य पुस्तक और पूरक पुस्तक]

प्र. 6. निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। [3×2=6]

अपने परिवार में मैं कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्न हुई। मेरे परिवार में प्राय: दो सौ वर्ष तक कोई लड़की थी ही नहीं। सुना है, उसके पहले लड़कियों को पैदा होते ही परमधाम भेजे देते थे। फिर मेरे बाबा ने बहुत दुर्गा-पूजा की। हमारी कुल-देवी दुर्गा थीं। मैं उत्पन्न हुई तो मेरी बड़ी खातिर हुई और मुझे वह सब नहीं सहना पड़ा जो अन्य लड़कियों को सहना पड़ता है। परिवार में बाबा फ़ारसी और उर्दू जानते थे। पिता ने अंग्रेजी पढ़ी थी। हिन्दी का कोई वातावरण नहीं था।

क) लेखिका की स्थिति अन्य लड़कियों से अलग थी, कैसे?

ख) लेखिका के परिवार में कौन-सी भाषा जानते थे तथा किस भाषा का प्रचलन नहीं था?

ग) लेखिका के जन्म से पहले लड़कियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था?

प्र. 7. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [2x4=8]

1. लेखक लंग्कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गए थे?
2. हरिशंकर परसाई ने प्रेमचंद का जो शब्द चित्र हमारे सामने प्रस्तुत किया है उससे प्रेमचंद के व्यक्तित्व की कौन-कौन सी विशेषताएँ उभरकर आती हैं?
3. छोटी बच्ची को बैलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया?
4. मैना जड़ पदार्थ मकान को बचाना चाहती क्यों थी?
5. साँवले सपनों से क्या तात्पर्य है?

प्र. 8. निम्नलिखित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [2×3=6]

मेघ आये बड़े बन-ठन के, सँवर के।
आगे-आगे नाचती-गाती बयार चली
दरवाजे-खिड़कियाँ खुलने लगी गली-गली

पाहुन ज्यों आये हों गाँव में शहर के।
पेड़ झुक झाँकने लगे गरदन उचकाये
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाये
बाँकी चितवन उठा नदी, ठिठकी, घूँघट सरके।

बूढ़े पीपल ने आगे बढ़ कर जुहार की
'बरस बाद सुधि लीन्ही'

बोली अकुलाई लता ओट हो किवार की
हरसाया ताल लाया पानी परात भर के।

क्षितिज अटारी गदरायी दामिनि दमकी
‘क्षमा करो गाँठ खुल गयी अब भरम की’
बाँध टूटा झर-झर मिलन अश्रु ढरके
मेघ आये बड़े बन-ठन के, सँवर के।

1. मेघ गाँव में किस प्रकार आए?
2. मेघ के आगे आगे कौन चल रही है? किसके घूँघट सरके और क्यों?
3. मेघ रूपी मेहमान के आने से वातावरण में क्या परिवर्तन हुए?

प्र. 9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं चार के उत्तर दीजिए। [2x4=8]

1. 'चाँदी का बड़ा-सा गोल खंभा' में कवि की किस सूक्ष्म कल्पना का आभास मिलता है?
2. बच्चों का काम पर जाना धरती के एक बड़े हादसे के समान क्यों है?
3. ‘काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?’ कवि की दृष्टि में उसे प्रश्न के रूप में क्यों पूछा जाना चाहिए?
4. कवयित्री द्वारा मुक्ति के लिए किए जाने वाले प्रयास व्यर्थ क्यों हो रहे हैं?
5. कवि रसखान कृष्ण के लिए क्या-क्या न्योछावर करने के लिए तैयार हैं?

प्र.10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर दें। [3×2=6]

1. गरीब आदमी का श्मशान नहीं उजड़ना चाहिए। इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए।
2. चोर माँ की किस बात से प्रभावित हुआ?

## खंड - घ

## [लेखन]

प्र. 11. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में संकेत बिंदुओं के आधार पर निबंध लिखिए। [10]

- 'करत करत अभ्यास के, जड़मति होत सुजान।'
- समुद्र तट की सैर
- मनोरंजन का महत्त्व

प्र.12. निम्न विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लेखन करें। [5]

1. आप अपने घर से दूर में रहने आए है, अपनी माता को पत्र लिखकर छात्रावास के आपके अनुभव के बारे में लिखिए।
2. आपके क्षेत्र में सड़कों पर बहुत अधिक पानी जमा हो जाता है, क्योंकि अधिकांश सड़कें टूटी हुई हैं। जगह-जगह 'स्पीड ब्रेकर' यातायात में सहायक न होकर बाधक बन गए हैं। परिस्थिति की पूर्ण जानकारी देते हुए नगर निगम के अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए।

प्र. 13. निम्नलिखित किसी एक विषय पर संवाद लेखन करें। [5]

1. दो स्त्रियों के बीच पानी की समस्या को लेकर बातचीत पर संवाद लेखन लिखिए।
2. महिला और मोची के मध्य हो रहे संवाद लिखिए।